(4) ''कवियों का कवि'' नाम से किसे जाना जाता है?

(5) 'मोचीराम' कविता के रचयिता का नाम बताइए।

(6) 'अरूण यह मधुमय देश हमारा' पंक्ति किसकी है?

(7) महादेवी वर्मा को उनकी किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?

(8) किस कवि का उपनाम 'महाप्राण' है?

(9) नगेन्द्र ने छायावाद की क्या परिभाषा दी है? लिखें।

(10) 'मधुशाला' रचना के रचयिता कौन हैं?

(11) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कब तथा कहाँ हुआ?

(12) 'सरोज स्मृति' के रचयिता का नाम बताइए।

(13) जगदीश गुप्त किस महत्त्वपूर्ण पत्रिका के संपादक थे?

(14) कुंवर नारायण किस सप्तक के कवि हैं?

(15) नरेश मेहता की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(16) 'उद्धवशतक' के रचयिता का पूरा नाम बताइए।

(17) आधुनिक हिन्दी कविता के प्रवर्तक का नाम बताइए।

(18) 'उमर खैयाम' की रूबाइयों का अनुवाद किस कवि ने किया?

(19) छायावाद का सर्वाधिक मौलिक एवं प्रयोगशील प्रगति–चेतना का कवि कौन है?

(20) ऋषभायण का अर्थ क्या है?

♦♦♦





# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा – 2011

(पत्राचार पाठ्यक्रम)

विषय : हिन्दी

प्रथम पत्र : आधुनिक काव्य

समय : 3.00 घण्टे | पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 3x10=30

(क) जगती वणिक वृत्ति है रखती,
उसे चाहती जिससे चखती।
काम नहीं, परिणाम निरखती,
किसका वश चलता है? दोनों ओर प्रेम पलता है।

(ख) कोई भी हो वह क्या बोले, पागल बनकर निर्भय न करे,
अपनी दुर्बलता – बल सम्हाल, गंतव्य मार्ग पर पैर धरे,
मत कर पसार, निज पैरों चल, चलने की जिसको रहे झोंक,
उसको कब कोई सके रोक?

(ग) ''यह है उपाय'' कह उठे राम ज्यों मन्द्रित घन–
''कहती थी माता मुझे सदा राजीव नयन!
दो नील कमल हैं शेष अभी, यह पुनश्चरण
पूरा करता हूँ देकर मातः एक नयन।''



कृ.पृ.उ.

(घ) किसने कहा, पाप है समुचित, स्वत्व–प्राप्ति हित लड़ना?
उठा न्याय का खड़ग समर में, अभय मारना–मरना?
क्षमा, दया, तप, तेज, मनोबल की दे वृथा दुहाई,
धर्मराग, व्यंजित करते तुम मानव की कदराई।

(ङ) साँप!
तुम सभ्य तो हुए नहीं
नगर में बसना भी तुम्हें नहीं आया।
एक बात पूछूँ (उत्तर दोगे?)
तब कैसे सीखा डसना–
विष कहाँ पाया?

प्र. 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2x10=20

(क) ''प्रगतिवादी काव्य परम्पराओं को नकारता है तथा आम–आदमी की भावनाओं के प्रति अपनी पक्षधरता सिद्ध करने का आग्रही है''। इस कथन के आलोक में प्रगतिवादी काव्य की विशेषताओं का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

अथवा

आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा रचित 'ऋषभायण' महाकाव्य की प्रमुख विशेषताओं को उदाहरण सहित समझाइए।

(ख) जयशंकर प्रसाद की प्रमुख काव्य कृतियों का परिचय देते हुए 'कामायनी' के काव्य सौन्दर्य का वर्णन कीजिए।

अथवा



''दिनकर राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्यधारा के प्रतिष्ठित कवि हैं''। इस कथन को सिद्ध करने हेतु दिनकर के काव्य में 'राष्ट्रीय भावना' की सोदाहरण समीक्षा कीजिए।

प्र. 3. निम्नांकित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 4 = 20

(1) आधुनिक हिन्दी कविता के कालखंडों का नामकरण समझाइए।

(2) 'द्विवेदी युगीन काव्य में नारी संवेदन' विषय पर टिप्पणी लिखिए।

(3) छायावाद के नामकरण पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(4) प्रयोगवाद की मान्यताओं को संक्षेप में समझाइए।

(5) नई कविता की कोई चार विशेषताओं को उदाहरण सहित समझाइए।

(6) समकालीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियां बताइए।

(7) मैथिलीशण गुप्त की प्रमुख रचनाओं के नाम बताइए।

(8) 'राम की शक्ति पूजा' कविता के कथानक को संक्षेप में लिखिए।

(9) अज्ञेय के संपादकीय व्यक्तित्व को स्पष्ट कीजिए।

(10) ऋषभ के चरित्र की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

प्र. 4. निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10 x 1 = 10

(1) 'कई दिनों तक चूल्हा रोया चक्की रही उदास' पंक्ति के रचनाकार का नाम बताओ।

(2) तार सप्तक का प्रकाशन किस सन् में हुआ था?

(3) ''मैं प्रयोगवाद का अगुवा नहीं पिछलगुवा हूँ'' कथन किसका है?

(7) पुराने जमाने में होली उत्सव कब से प्रारम्भ होता था?

(8) भारतीय साहित्य की एकता से लेखक का क्या आशय है?

(9) कुड़माई हो गयी सुनने पर बालक की कौन–सी प्रतिक्रिया हुई?

(10) 'पुरस्कार' कहानी की नायिका किन महान गुणों को धारण किये हुए है?

♦♦♦





# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा – 2010

(पत्राचार पाठ्यक्रम)

विषय : हिन्दी

द्वितीय पत्र : गद्य साहित्य

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित है।*

प्र. 1. निम्न में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 3x10=30

(अ) इस जीव को देखते हो? पहचान सकते हो? यह मल्लिका है जो धीरे–धीरे बड़ी हो रही है और माँ के स्थान पर अब मैं इसकी देखभाल करती हूँ। ..... यह मेरे अभाव की सन्तान है। जो भाव तुम थे, वह दूसरा नहीं हो सका, परन्तु अभाव के कोष्ठ में किसी दूसरे की जाने कितनी–कितनी आकृतियाँ हैं। जानते हो मैंने अपना नाम खोकर एक विशेषण उपार्जित किया है और अब मैं अपनी दृष्टि में नाम नहीं, केवल विशेषण हूँ।

(ब) अपना भाग्य खुद बनाना होगा, अपनी बुद्धि और साहस से इन आफतों पर विजय पाना होगा। कोई देवता, कोई गुप्त शक्ति उनकी मदद करने न आएगी और उसमें गहरी संवेदना सजग हो उठी है। अब उसमें वह पहली की उद्ण्डता और गुरूर नहीं है। वह नम्र और उद्योगशील हो गया है। जिस दशा में पड़े हो, उसे स्वार्थ और लोभ के वश होकर और क्यों बिगाड़ते हो? दुःख ने तुम्हें

एक सूत्र में बांध दिया है। बन्धुत्व के इस दैवी बन्धन को क्यों अपने तुच्छ स्वार्थों से तोड़े डालते हो? उस बन्धन को एकता का बन्धन बना लो। इस तरह के भावों ने उसकी मानवता को पंख से लगा दिये हैं।

(स) हल्दी दूब इस देश की संस्कृति को रूप और सौन्दर्य स्पर्श देते रहे हैं, कमल गंध देता रहा है पर दधि–अच्छत रस तथा शब्द देते रहे हैं।"

(द) क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक पक्षी का निषाद द्वारा वध किया गया देख जिस कवि–शिरोमणि का हृदय दुःख से विदीर्ण हो गया और जिसके मुख से 'मा. निषाद' इत्यादि सरस्वती सहसा निकल पड़ी, वहीं पर दुःख कातर मुनि रामायण निर्माण करते समय एक नव–परिणीता दुःखिनी वधू को बिल्कुल ही भूल गया।

(य) अरे नरेन्द्र, बाबूजी की चारपाई कमरे में से निकाल दे। उसमें चलने तक की जगह नहीं है।

प्र. 2. निम्न में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए। 2ह्न12$^1/_2$=25

(अ) मनोवैज्ञानिक कहानी की विशेषताओं के आधार पर 'पाजेब' कहानी का मूल्यांकन कीजिए।

(ब) 'चन्द्रगुप्त' नाटक का नायक कौन है? चाणक्य या चन्द्रगुप्त? स्पष्ट कीजिए।

(स) 'भट्टिनी द्विवेदी जी की अविस्मरणी पात्र रचना है।' कथन की प्रमाण पुरस्कार व्याख्या कीजिए।

(द) हमें लज्जा का अनुभव क्यों और किस बात पर होता है?



प्र. 3. निम्न में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5ह्न3=15

(अ) महादेवी ने गद्य क्यों लिखा? स्पष्ट कीजिए।

(ब) निराला जी को औघड़ दानी क्यों कहा है?

(स) घेघा बुआ किस प्रकार का चरित्र है? स्पष्ट कीजिए।

(द) कमलेश्वर ने राजा निरबंसिया की लोककथा को आधार क्यों बनाया है?

(य) 'पुरस्कार' कहानी के कथानक की विशेषताएं बताइए।

(र) माँझी एक के बाद एक गीत क्यों गाते हैं?

(ल) निबंध की प्रमुख देन कौन–सी है?

प्र. 4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए– 10ह्न1=10

(1) होरी किस विचारधारा का संवाहक था?

(2) चाणक्य के चरित्र की विशेषता एक वाक्य में बताईये।

(3) विलोम कौन है?

(4) भट्टिनी किसकी आराधना करती है?

(5) बाण युग में किन–किन सम्प्रदायों का प्रभाव था?

(6) ललित निबन्ध से आप क्या समझते हैं?

D028 MAHIND103

# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा - 2011

(पत्राचार पाठ्यक्रम)

विषय : हिन्दी

तृतीय पत्र : काव्य शास्त्र एवं साहित्यालोचन

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. काव्य लक्षण क्या है? विभिन्न संस्कृत आचार्यों द्वारा प्रवर्तित काव्य-लक्षणों की विवेचना कीजिए?

अथवा

रस के अंगों का उल्लेख करते हुए उनका विवेचन कीजिए? 13

प्र. 2. लौंजाइनस का उदात्त क्या है? उदात्त के विभिन्न स्रोतों का विश्लेषण कीजिए ?

अथवा

विखण्डन क्या है? देरिदा के विखंडन सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए ? 13

प्र. 3. समाज शास्त्रीय आलोचना के स्वरूप का निर्धारण कीजिए? हिन्दी आलोचना के कतिपय उदाहरणों की चर्चा कीजिए ?

अथवा

भिखारीदास के काव्यशास्त्रीय चिन्तन को निरूपित कीजिए? 13

प्र. 4. निम्नलिखित पद्यांशों की व्यावहारिक समीक्षा कीजिए-

'ब्रह्मा मैं ढूँढ़यौ पुरातन कानन,
वेद-रिचा सुनि चौगुने चायन।

दैख्यौ सुन्यौ न कहूँ कबहूँ,
वह कैसे सरूप औ कैसे सुभायन
टेरत–टेरत हारि परयौ,
रसखानि बतायो न लोग–लुगायन।
देखौ ढुरौ वह कुंज–कुटीर में,
बैठो पलोटत राधिका–पायन।'

अथवा

'शांति नहीं तब तक, जब तक
सुख भाग न नर का सम हो,
नहीं किसी को बहुत अधिक हो
नहीं किसी को कम हो।
ऐसी शांति राज्य करती है
तन पर नहीं हृदय पर
नर के ऊंचे विश्वासों पर
श्रद्धा, भक्ति, प्रणय पर।' 11

प्र. 5. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों का उत्तर दीजिये– 5 x 3 = 15

(क) साधारणीकरण क्या है?

(ख) अलंकार को परिभाषित कीजिए ?

(ग) रीति के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिए?

(घ) वक्रोक्ति के भेद लिखिए?

(ङ) औचित्य सिद्धान्त की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ?

(च) विरेचन क्या है?

(छ) लिबिडो क्या है?



प्र. 6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पन्द्रह (15) प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

15 x 1 = 15

(1) 'काव्यादर्श' किसकी कृति है?

(2) स्थायी भाव क्या है?

(3) संचारी भावों की संख्या कितनी है?

(4) अर्थालंकार क्या है?

(5) रीति सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन है?

(6) प्लेटो के गुरु कौन थे?

(7) अरस्तू त्रासदी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग क्या मानते हैं?

(8) 'काव्य जीवन की आलोचना है' किसका कथन है?

(9) वस्तुनिष्ठ समीकरण सिद्धान्त किसका है?

(10) रिचर्डस अपनी किस कृति से सर्वाधिक प्रसिद्ध हुए?

(11) मनोविश्लेषण के जन्मदाता कौन हैं?

(12) 'स्वच्छंदतावाद' का प्रयोग सबसे पहले किसने किया?

(13) 'कविप्रिया' किसका लक्षणग्रंथ है?

(14) आलोचना क्या है?

(15) वक्रोक्ति को काव्य का जीवन किसने कहा ?

(16) 'व्युत्पति' क्या है?

(17) नयी आलोचना के जनक कौन हैं?

♦♦♦

(4) उत्तरछायावादी काव्य की विविध प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(5) हिन्दी आलोचना के उद्भव एवं विकास पर संक्षिप्त निबंध लिखिए।

(6) दक्खिनी हिन्दी साहित्य का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(7) नई कहानी और कहानीकारों का परिचय दीजिए।

♦♦♦





# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा - 2011

(पत्राचार पाठ्यक्रम)

विषय : हिन्दी

चतुर्थ पत्र : हिन्दी साहित्य का इतिहास

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नांकित में से 15 प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है। 15

(1) रामचन्द्र शुक्ल ने वीरगाथा काल का आरम्भ कब से माना था?

(2) सूफी मत के किन्हीं दो कवियों के नाम लिखिए।

(3) कबीर किस धारा के प्रमुख कवि थे?

(4) किन्हीं दो रीतिमुक्त कवियों के नाम बताइए।

(5) 'बीजक' नामक ग्रन्थ की रचना किसने की थी?

(6) द्विवेदी युग में लिखे गए दो महाकाव्यों के नाम लिखिए।

(7) मनोवैज्ञानिक उपन्यासकारों में से किन्हीं दो के नाम बताइए।

(8) मिर्जा गालिब का वास्तविक नाम बताइए।

(9) उर्दू के प्रसिद्ध शायर जफ़र की मृत्यु कहाँ हुई?

(10) सूफी काव्य की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(11) रीतिकाल में रचित गद्य की किसी एक रचना का नाम बताइए।

(12) भारतेन्दु युग में प्रकाशित किसी एक पत्रिका का नाम बताइए।

(13) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने किस पत्रिका का संपादन किया था।

(14) 'कामायनी' के रचनाकार का नाम बताइए।

(15) जीवनी और आत्मकथा में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(16) 'शेखरः एक जीवनी' के लेखक कौन हैं?

(17) हजारी प्रसाद द्विवेदी के किसी एक उपन्यास का नाम लिखिए।



प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिये– 5 x 3 = 15

(1) राम भक्ति शाखा के प्रमुख कवियों का नामोल्लेख कीजिए।

(2) हिन्दी के प्रयोगवादी कवियों के नाम लिखिए।

(3) मीरां पर हुए राणा के अत्याचारों का उल्लेख कीजिए।

(4) मैथिलीशरण गुप्त का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(5) संस्मरण और रेखाचित्र में अन्तर बताइए।

(6) नयी कविता की कोई एक विशेषता बताइए।

(7) समकालीन कविता की विशेषताएँ बताइए।

प्र. 3. निम्नांकित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिये 5 x 10 = 50

(1) वीरगाथा काल के नामकरण पर प्रकाश डालिए।

(2) आदिकाल में रचित जैन साहित्य का परिचय दीजिए।

(3) निर्गुण संत कवियों के हिन्दी साहित्य के अवदान पर प्रकाश डालिए।

# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा - 2010

(पत्राचार पाठ्यक्रम)

विषय : हिन्दी

पंचम पत्र : जैन संस्कृति एवं जीवन मूल्य

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

प्र. 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दें। (कोई दस) 10

1. जैन धर्म का मुख्य उद्देश्य क्या है?
2. 'समण' शब्द के संस्कृत में कौनसे तीन रूपांतरण होते हैं?
3. चार शिक्षा व्रतों के नाम लिखें।
4. निर्जरा किसे कहते हैं?
5. अध्यात्म का क्या अर्थ है?
6. मनोविज्ञान में मन के तीन स्वर बताइये।

7. जीवन विज्ञान का अर्थ क्या है?

8. अणुव्रत आन्दोलन का प्रवर्तन कब और किसके द्वारा हुआ?

9. लक्ष्य प्राप्ति के चार चरण कौनसे हैं?

10. तनाव किसे कहते हैं?

प्र. 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों में दें। (कोई चार) 4x7=28

1. भगवान ऋषभ का जीवन परिचय लिखिये।

2. दिगम्बर एवं श्वेताम्बर सम्प्रदाय में अन्तर बताइये।

3. जैन दर्शन में षड्द्रव्य को विवेचित कीजिये।

4. जैन दर्शन में शाकाहार पर निबन्ध लिखिये।

5. अहिंसा प्रशिक्षण के उपायों पर प्रकाश डालिये।

6. समय प्रबन्धन कैसे संभव है।

प्र. 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखें। (कोई तीन) 3 x 14= 42

1. भगवान महावीर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी साधना पद्धति को विवेचित कीजिये।



2. तत्व किसे कहते हैं? नौ तत्वों को विस्तार से समझाईये।

3. जैन दर्शन में लोकतन्त्र सम्बन्धी सिद्धान्तों पर प्रकाश डालिये।

4. जीवन व्यवहार में अनेकान्त के महत्व को वर्णित कीजिये।

5. प्रेक्षाध्यान के स्वरूप को विवेचित करते हुए अंगों पर प्रकाश डालिये।

♦♦♦

(16) मीरा की कौनसी भक्ति है?

(17) रसखान की उपासना किस भाव की है?

(18) पद्मावत का कथा आधार क्या है?

(19) कबीर की रचनाओं के संकलन का नाम क्या है?

(20) कबीर का ज्ञान किस प्रकार का था?

♦♦♦





# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा - 2011

(पत्राचार पाठ्यक्रम)

विषय : हिन्दी

षष्ठम पत्र : प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं दो पद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। 2x10=20

(क) वम किसोर प्रथिराज। रम्म हा रम्य प्रकारं।।
सेत पस्र विम चन्द। कला उद्दित तन मारं।।

(ख) हेरत हेरत हे सखी रह्या कबीर हिराइ।
समंद समाना बूंद में, सोकत हेर्‌या जाईं।।

(ग) बरनौं राज मंदिर रनिवास। अछरिन्ह भरा जानु कविलासू।।
सोरह सहस पदुमिनी रानी। एक एक तें रूप बखानी।।

(घ) अँखिया हरि दरसन की भूखी।
कैसे रहैं, रूप रस राची ये बतियाँ सुनि रूखी।।

(ङ) राम प्रान प्रिय नाथ, तुम्ह सत्य वचन मम तात।
पुनि पुनि मिलत भरत सुनि हरष न हृदय समात।।

प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2 x 10 = 20

(क) पृथ्वीराज रासो की काव्यगत विशेषताएं बताइए।

(ख) कबीर को क्रान्तिकारी लोक कवि कहा गया है। इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(ग) पदमावत की प्रेम–पद्धति पर विचार कीजिए।

(घ) भ्रमर गीतसार की काव्यगत विशेषताएं बताइए।

(ङ) तुलसीदास की समन्वय भावना पर एक निबंध लिखिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 4 = 20

(क) रासो शब्द की व्युत्पत्ति पर प्रकाश डालिए।

(ख) पद्मावत की शैली पर प्रकाश डालिए।

(ग) बिहारी की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए।

(घ) मीरा की भक्तिभावना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) भूषण के वीर काव्य पर प्रकाश डालिए।

(च) सेनापति के भाव पक्ष पर प्रकाश डालिए।

(छ) रसखान की महत्ता पर प्रकाश डालिए।



प्र. 4. निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 20 x 1 = 20

(1) शिवराज भूषण किसकी रचना है?

(2) कांड से क्या तात्पर्य है?

(3) मीरा के पिता का नाम क्या था?

(4) बिहारी की रचना का क्या नाम था?

(5) अवधि भाषा की प्रसिद्ध रचना का नाम बताएं ?

(6) जायसी की प्रसिद्ध रचना का नाम बताएं ?

(7) तुलसी के प्रसिद्ध कृति का नाम बताएं ?

(8) 'पद्मावत' किस शैली की रचना है?

(9) कबीर की सखियों की भाषा क्या है?

(10) बिहारी किस राजा के दरबारी कवि थे ?

(11) चंद्रवरदाई के काव्य का नाम बताएं ?

(12) सूरदास कौनसी धारा के कवि हैं?

(13) मीरा का ससुराल कहाँ था ?

(14) भूषण ने किसकी प्रशस्ति में काव्य लिखा ?

(15) भूषण के भाई का नाम बताइए।

(16) बिहारी हिन्दी की बोलियों के नाम लिखिए।

(17) मगही कहाँ बोली जाती है?

(18) पहाड़ी हिन्दी की बोलियों के नाम बताइए।

(19) खड़ीबोली की तीन विशेषताएँ बताइए।

(20) पश्चिमी हिन्दी की किस बोली को भाषा कहा जाता है?

(21) भोलानाथ तिवारी द्वारा प्रदत्त प्रत्यय की परिभाषा बताइए।

(22) नेहरुजी का सम्पर्क भाषा के सम्बन्ध में क्या मत था?

(23) राष्ट्रभाषा का क्या अर्थ है?

(24) प्रोसेसर या केन्द्रीय संसाधन इकाई के तीन मुख्य भागों के नाम लिखिए।

(25) देवनागरी लिपि की तीन विशेषताएँ बताइए।

(26) राजस्थानी हिन्दी की बोलियों का नामोल्लेख कीजिए।

♦♦♦





# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा - 2011

(पत्राचार पाठ्यक्रम)

विषय : हिन्दी

सप्तम पत्र : भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. भाषा विज्ञान की परिभाषा देते हुए भाषा विज्ञान के प्रधान अंगों का परिचय दीजिए।

अथवा

भाषा विज्ञान के अध्ययन की दिशाओं पर प्रकाश डालिए। 10

प्र. 2. अर्थ की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए अर्थ-परिवर्तन की दिशाओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

अर्थ-परिवर्तन के कारणों पर प्रकाश डालिए। 10

प्र. 3. प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं का परिचय देते हुए वैदिक एवं लौकिक संस्कृत के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

पश्चिमी हिन्दी की बोलियों का परिचय देते हुए उनकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

प्र. 4. लिपि की आवश्यकता को प्रतिपादित करते हुए लिपि विकास का इतिहास प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालिए। 10

प्र. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 x 4 = 20

(1) भाषा की प्रमुख परिभाषाओं पर प्रकाश डालिए।

(2) भाषा के स्वरुप पर प्रकाश डालिए।

(3) 'स्वन' और 'स्वनिम' के अंतर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(4) स्वर–वर्गीकरण के आधारों पर प्रकाश डालिए।

(5) 'अभिहितान्वयवाद' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(6) शब्द और अर्थ के सम्बन्धों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(7) पूर्वी हिन्दी की बोलियों पर प्रकाश डालिए।

(8) माध्यम–भाषा और संचार–भाषा के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिये– 20 x 1 = 20

(1) भाषा शब्द की व्युत्पति बताइए।

(2) पाणिनी के ग्रंथ का नाम लिखिए।

(3) 'भाषा यादृच्छिक ध्वनि प्रतीकों की व्यवस्था है' ऐसा किसने कहा है?



(4) डॉ. उदयनारायण तिवारी ने 'स्वन विज्ञान' की कौन–सी परिभाषा दी है?

(5) स्वन विज्ञान की तीन शाखाएं कौन–कौन सी हैं?

(6) स्वनिम विज्ञान को अंग्रेजी में क्या कहते हैं?

(7) डॉ. देवेन्द्रनाथ शर्मा ने भाषा विज्ञान की कौनसी परिभाषा दी है?

(8) निपात का क्या अर्थ है?

(9) रचना के आधार पर रूपिम कितने प्रकार के होते हैं?

(10) डॉ. देवेन्द्रनाथ शर्मा ने भाषा–विज्ञान के कितने अंगों को स्वीकार किया है?

(11) शब्दों के वर्गीकरण के प्रमुख पाँच आधार कौन–से हैं?

(12) ''साहित्य मनुष्य के अनुभव और ज्ञान का वह रूप है जो लिपि–बद्ध होकर हमारे सामने आता है और सुरक्षित रहता है।'' यह किसका कथन है?

(13) सृजनात्मक भाषा के कितने रूप मिलते हैं ?

(14) ''भाषा ध्वनि–संकेतों का समूह मात्र है। इसी से ध्वनि में अर्थ, शब्द और भाषा सभी का अंतर्भाव हो जाता है। ध्वनि का यह अर्थ बड़ा व्यापक है।'' यह कथन किसका है?

(15) शैली किस–किस के बीच का संयोजन–सेतु है?

# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा - 2011

(पत्राचार पाठ्यक्रम)

विषय : हिन्दी

अष्टम पत्र : लोक साहित्य

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 3 x 15 = 45

(अ) लोक वार्ता को परिभाषित करते हुए स्पष्ट कीजिए कि लोक मानस लोकवार्ता की आधारभूमि है।

(ब) लोक साहित्य की संकलन पद्धति पर प्रकाश डालते हुए स्पष्ट कीजिए कि लोक साहित्य के संकलनकर्ता को किन–किन बाधाओं से गुजरना पड़ता है।

(स) लोक नाटकों के उद्‌भव की पृष्ठभूमि बताते हुए लोक नाटक के तत्वों की समीक्षा कीजिए।

(द) जनमानस में लोक गीतों के महत्त्व को बताते हुए राजस्थानी लोक गीतों का वर्गीकरण स्पष्ट कीजिए।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 x 4 = 20

(अ) लोक साहित्य का समाज विज्ञानों से क्या सम्बन्ध है?

(ब) राजस्थान के लोक वाद्य कौन कौन से हैं?

(स) लोक रूढियों से क्या अभिप्राय है?

(द) लोक संस्कृति तथा आभिजात्य संस्कृति में अन्तर बताइए।

(य) राजस्थान लोक कथा की प्रवृत्तियाँ बताईए।

(र) लोक संस्कृति से क्या तात्पर्य हैं?

प्र. 3. निम्नलिखित के उत्तर एक पंक्ति में दीजिये। (कोई 15) 15 x 1 = 15

(1) लोक साहित्य किस प्रकार की निधि है ?

(2) पाश्चात्य शब्द कोश में लोक का समानार्थक शब्द क्या है?

(3) नृ विज्ञान क्या है?

(4) लोक कथा किसे कहते हैं?

(5) माहवारी गीत का एक उदाहरण लिखिए।

(6) लोक किंवदन्ती का क्या है?

(7) विवाह के गीतों में से कोई एक नाम लिखिए।



(8) कन्यावल का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(9) घुड़ला किस पर्व पर घुमाया जाता है?

(10) बाघला के पुत्र किस नाम से जाने जाते हैं?

(11) कथक्कड़ से क्या तात्पर्य है?

(12) गरासियों की गौर किस नाम से प्रसिद्ध है?

(13) 'गवरी' क्या है?

(14) कुचामणी ख्याल का प्रवर्तक कौन हैं?

(15) कठपुतलियों की धड़ किस की बनी होती है?

(16) नागौरी ख्याल का कोई एक समान्तर नाम बताइए।

(17) 'लावणी' में कितनी मात्राएं होती हैं ?

(18) 'हेला' दांगलिक ख्याल में बजने वाले एक वाद्य यन्त्र का नाम बताइए।

(19) लोक देवता हड़बूजी कहाँ के रहने वाले थे।

(20) वीर कल्लाजी कहाँ के निवासी थे।

♦♦♦

elevated to the height of a fine art of literature. 'Lives of English Poets' written by Johnson and Boswell's 'Life of Samuel Johnson' are considered to be the remarkable works of this period. Later on, the victorians wrote biographies with an emphasis on religious and moral values. One of the popular examples of the biographies written in the twentieth century is 'Queen victoria' written by Storchey.

Biography today tends to provide an accurate account of the life of a person. There is no attempt to flatter is hero. The aim is to pinpoint the merits and faults of the character so that the reader can have a balanced opinion about his personality. For instance, 'Ronald Ross' is a biography about the scientific activity done by Ross, his constant efforts, difficulties and final achievement.

♦♦♦





# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा - 2011

(पत्राचार पाठ्यक्रम)

विषय : हिन्दी

नवम् पत्र : अनुवाद विज्ञान

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

(अ) प्रश्न 1 से 5 में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 3 x 10 = 30

प्र. 1. अनुवाद का आज हमारे लिए महत्त्व क्यों है? विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

प्र. 2. अनुवाद में भाषा के सांस्कृतिक संदर्भ का क्या महत्त्व है? स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3. अनुवाद प्रक्रिया में भूमिका-समस्या प्रारूप पर प्रकाश डालिए।

प्र. 4. मशीनी अनुवाद की कितनी प्रविधियाँ होती हैं? प्रमुख पद्धतियों का नामोल्लेख करते हुए उनकी सम्भावनाएँ और सीमाएँ स्पष्ट कीजिए।

प्र. 5. अनुवाद में कोश की उपयोगिता स्पष्ट कीजिए।

(ब) निम्नांकित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 4 = 20

प्र. 1. अनुवाद में समतुल्यता के सिद्धान्त का क्या अर्थ है? स्पष्ट कीजिए।

प्र. 2. प्रोक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3. अनुवाद का व्यवहारपरक स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

प्र. 4. पाठधर्मी अनुवाद तथा प्रभावशाली अनुवाद का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्र. 5. तुलनात्मक साहित्य में अनुवाद के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

प्र. 6. अनुवाद-पूर्व संपादन किसका और कैसे किया जाता है?

प्र. 7. विधि विषयक अनुवाद की विशेषताएँ बताइए।

(स) निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 15 x 1 = 15

प्र. 1. अनुवाद विज्ञान, कला अथवा शिल्प में से क्या है?

प्र. 2. क्या भाषा के सभी शब्द प्रतीकात्मक होते हैं?

प्र. 3. अन्तर प्रतीकात्मक अनुवाद से आप क्या समझते हैं?

प्र. 4. नाइडा द्वारा दी गई अनुवाद की परिभाषा लिखिए।

प्र. 5. लक्ष्य भाषा का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

प्र. 6. विषय कोश क्या होते हैं?



प्र. 7. पुनरीक्षण क्या हैं?

प्र. 8. पुनरीक्षक में प्रशिक्षक किस प्रकार निहित होता है?

प्र. 9. कम्प्यूटर आधारित शब्दकोश क्या होता है?

प्र. 10. अनुवाद सहायिका से आप क्या समझते हैं?

प्र. 11. पदबंध क्या है?

प्र. 12. पाणिनी द्वारा दी गई वाक्य-परिभाषा लिखिए।

प्र. 13. उर्दू किस भाषा की शैली है।

प्र. 14. अनुवाद की आवश्यकता क्यों पड़ती है?

प्र. 15. अनुवाद के लिए मशीन का उपयोग सर्वप्रथम कब हुआ ?

(द) निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी भाषा में अनुवाद कीजिए। 15

Biography is a form of literature deals with the history of the life of a particular person written by some one else. The person described in a biography has a peculiar personality with his remarkable experiences, struggles, aspirations, achievements and the societal forces around.

The aim of a biography is to inculcate certain values in the readers.

In its early stage, English biography focussed at history dealing with the lives of kings and Christian Saints. As a literary art it was recognized in the seventeenth century. 'Lives' written by 1. Walton was related with the lives and literary achievements of John Donne, Herbart, Hooker etc. In the eighteenth century English biography stood

# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा - 2011

(पत्राचार पाठ्यक्रम)

विषय : हिन्दी

दशम पत्र : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उनके अंक प्रश्नों के सम्मुख अंकित हैं।*

आलोचनात्मक प्रश्न 12 x 4 = 48

प्र. 1. कार्यालयी हिन्दी के प्रमुख प्रकार्य को बताते हुए प्रारुपण, संक्षेपण, पल्वन व टिप्पण पर प्रकाश डालिए।

अथवा

कम्प्यूटर का परिचय, संरचना, महत्त्व व उपयोगिता के विषय में जानकारी दीजिए।

प्र. 2. सम्पादक के आधारभूत सिद्धान्तों पर प्रकाश डालते हुए समाचार माध्यमों में समय कालीन रुझान की आवश्यकता को बताइये।

अथवा

प्रूफ रीडर की क्या सावधानियां है, स्पष्ट करते हुए प्रेस कानून एवं आचार संहिता का पत्रकारिता में उपयोग समझाइये।

प्र. 3. जनसंचार, प्रौद्योगिकी एवं चुनौतियां कैसे है? स्पष्ट करें।



कृ.पृ.उ.

अथवा

''समाचार लेखन एक कला है,'' इसके पक्ष या विपक्ष में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

प्र. 4. अनुवाद क्या है? अनुवाद के विभिन्न रूपों को बताइये।

अथवा

अनुवाद की समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 4 = 20

(1) फीचर और रिपोर्ताज की विशेषताएं बताइये।

(2) भावानुवाद और शब्दानुवाद की तुलना कीजिए।

(3) विधि अनुवाद के दौरान याद रखने योग्य कौनसी बातें हैं?

(4) इण्टरनेट क्या है?

(5) पटकथा लेखक का परिचय दीजिए।

(6) टेलीविजन के चरणों को समझाइये।

(7) विज्ञापन के महत्त्व को बताइये।

(8) वॉच–डॉग पत्रकारिता किसे कहते है?



अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 6. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 12 x 1 = 12

(1) हिन्दी की पहली बोलती फिल्म कौनसी थी ?

(2) छायानुवाद किसे कहते हैं?

(3) अखबार की एक वेबसाइट बताइये।

(4) 'लाइव' क्या है?

(5) 'ब्रेकिंग न्यूज' की उपयोगिता बताइये।

(6) फ्री लान्सर किसे कहते हैं?

(7) 'परिपत्र' को अंग्रेजी में क्या कहते हैं?

(8) हिन्दी के दो सॉफ्टवेयर पैकेज के नाम लिखिए।

(9) भीष्म साहनी की प्रसिद्ध कहानी का नाम बताइये।

(10) 'इण्ट्रो' क्या है?

(11) डाउनलोडिंग क्या है?

(12) 'लीड' किसे कहते हैं?

♦♦♦